अमर उजाला 08/04/2026

प्रतियोगिता में गौरव रहे तृतीय

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों का संगम देखने को मिला। कॉलेज के एम.कॉम के छात्र गौरव भारद्वाज ने जिला स्तरीय नशा जागरूकता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। वहीं, वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित बौद्धिक संपदा अधिकार सेमिनार में डॉ. सुरेन्द्र कुमांर ने 50 से अधिक विद्यार्थियों को पेटेंट और कॉपीराइट के गुर सिखाए। कार्यशाला में छात्रों को तनाव मुक्त जीवन और बेहतर मेंटरिंग के टिप्स दिए। संवाद